हरिभूमि
सिरसा-फतेहाबाद भूमि
रोहतक, बुधवार 28 अक्टूबर 2026

11 लोकगीतों से पश्चिमी संगीत तक विद्यार्थियों ने बिखेरे सुर



12 करवा चौथ पर थर्ड जेनरेशन का टच, नाम वाली छलनी का क्रेज



धान खरीद के बीच फिर बदलेगा मौसम, 29 से 31 अक्टूबर तक बारिश के आसार

2.93 लाख मीट्रिक टन धान की खरीद, 382 करोड़ का भुगतान, 58 प्रतिशत उठान पूरा

हरिभूमि न्यूज ⏭फतेहाबाद

खेतों में धान की कटाई और अनाज मंडियों में सरकारी खरीद व उठान के बीच मौसम एक बार फिर किसानों की चिंता बढ़ा सकता है। जिले में अब तक 2.93 लाख मीट्रिक टन से अधिक धान की खरीद हो चुकी है, जबकि खरीदे गए धान का करीब 58 प्रतिशत ही मंडियों से उठाया गया है। इसी बीच चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार के कृषि मौसम विज्ञान विभाग ने 29 अक्टूबर की रात से 31 अक्टूबर तक प्रदेश में मौसम परिवर्तनशील रहने का पूर्वानुमान जारी किया है। इस दौरान कहीं-कहीं गरज-चमक के साथ बूंदाबांदी या हल्की बारिश हो सकती है, जबकि कुछ स्थानों पर मध्यम से तेज बारिश की संभावना है। बीच-बीच में तेज हवाएं भी चल सकती हैं।

गरज-चमक और तेज हवाओं से बढ़ सकती है किसानों की चिंता

पहले भी बारिश और ओलावृष्टि झेल चुके हैं किसान

धान सीजन के दौरान मौसम पहले भी किसानों की परेशानी बढ़ा चुका है। 24 अक्टूबर की शाम को गरज-चमक के साथ हल्की बूंदाबांदी हुई थी। इससे पहले रतिया क्षेत्र के नागपुर, अजीतनगर और मढ़ सहित कई गांवों में ओलावृष्टि से धान की फसल को नुकसान पहुंचा था। कई खेतों में फसल बिछने के बाद किसानों ने मुआवजे की मांग उठाई थी। अब दोबारा बारिश की संभावना के बीच खेतों में खड़ी फसल की कटाई और मंडियों में पहुंच चुके धान की सुरक्षा महत्वपूर्ण हो गई है।

करीब 1,22,080 मीट्रिक टन धान का उठान बाकी

जिले की मंडियों में 26 अक्टूबर तक सरकारी खरीद एजेंसियां कुल 2,93,519 मीट्रिक टन धान खरीद चुकी हैं। किसानों को फसल के एवज में 382.46 करोड़ रुपये का भुगतान किया जा चुका है। खरीदे गए धान में से 1,71,439 मीट्रिक टन का उठान हुआ है, जबकि करीब 1,22,080 मीट्रिक टन धान का उठान बाकी है। ऐसे में बारिश होने पर मंडियों में खुले में रखे धान को सुरक्षित रखना चुनौती बन सकता है। हालांकि नुकसान की आशंका वास्तविक बारिश, उसकी तीव्रता और मंडियों में धान के भंडारण की व्यवस्था पर निर्भर करेगी। जिला खाद्य एवं आपूर्ति नियंत्रक कुशल बूरा के अनुसार, खाद्य एवं आपूर्ति विभाग ने 1,12,393 मीट्रिक टन, हैफेड ने 1,09,705 मीट्रिक टन और हरियाणा वेयरहाउसिंग कॉरपोरेशन ने 71,422 मीट्रिक टन धान की खरीद की है। ग्रेड-ए धान का न्यूनतम समर्थन मूल्य 2,461 रुपये प्रति क्विंटल निर्धारित है।



फतेहाबाद। अनाज मण्डी में रखी धान की बोरियां। फोटो: हरिभूमि

किसानों के लिए सावधानी जरूरी

मौसम में संभावित बदलाव को देखते हुए किसानों के लिए कटी हुई फसल और मंडियों में रखे धान को बारिश से बचाने की व्यवस्था करना जरूरी होगा। मंडियों में खरीद एजेंसियों के लिए भी खरीदे गए धान के उठान और सुरक्षित भंडारण पर ध्यान देना महत्वपूर्ण रहेगा। विभाग ने किसानों से धान को निर्धारित नमी और गुणवत्ता मानकों के अनुरूप मंडियों में लाने की अपील की है।

दिन में तापमान गिरेगा सुबह-शाम रहेगी ठंडक

कृषि मौसम विज्ञान विभाग के अध्यक्ष डॉ. मदन खीचड़ के अनुसार, 28 अक्टूबर तक मौसम खुश्क रहने की संभावना है। पश्चिमी विक्षोभ के आंशिक प्रभाव, हवाओं की दिशा उत्तर-पश्चिमी से उत्तर-पूर्वी होने और बंगाल की खाड़ी की ओर से नमी आने के कारण 29 अक्टूबर की रात से मौसम में बदलाव हो सकता है। इस दौरान दिन के तापमान में हल्की गिरावट, सुबह-शाम हल्की ठंड और रात के तापमान में मामूली बढ़ोतरी की संभावना है।

खबर संक्षेप

किसान से 3.62 लाख की ठगी का आरोपी गिरफ्तार

फतेहाबाद। मोबाइल टावर लगवाने के नाम पर एक किसान से लाखों रुपये ऐंठने के मामले में कार्रवाई करते हुए थाना साइबर क्राइम फतेहाबाद पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपी की पहचान लोकेश पुत्र संजीव कुमार निवासी जेजे कालोनी, पंखा रोड, उत्तम नगर, पश्चिमी दिल्ली के रूप में हुई है। थाना साइबर क्राइम के प्रभारी निरीक्षक राहुल देव ने बताया कि गांव ढाणी बबनपुर निवासी एक किसान से 3 लाख 62 हजार 150 रुपये की साइबर ठगी का मामला सामने आया था।

लापता टेलर का शव पंजाब बॉर्डर से बरामद

रतिया। उपमंडल के गांव निक्कूआना से संदिग्ध हालात में लापता हुए टेलर जसवीर सिंह का शव सोमवार शाम पंजाब-हरियाणा की सीमा पर स्थित फतेह हैड गांव में मिला। जसवीर करीब चार दिनों से लापता था। पुलिस, गोताखोरों और परिजनों की टीम उसकी तलाश कर रही थी। शव मिलने के बाद पुलिस ने उसे कब्जे में लेकर नागरिक अस्पताल के शवगृह में रखा। परिजनों की मांग पर डॉक्टरों के बोर्ड से पोस्टमार्टम करवाया गया। देर शाम प्रक्रिया पूरी होने के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया।

पुलिस को देखकर भागा तस्कर हेरोइन सहित काबू

फतेहाबाद। भट्टूकलां पुलिस ने 25.17 ग्राम हेरोइन सहित एक युवक को रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपी की पहचान कालू उर्फ शेरी निवासी भट्टूकलां के रूप में हुई है। थाना प्रभारी निरीक्षक वीर सिंह ने बताया कि पुलिस टीम गश्त के दौरान रेलवे फाटक के पास मौजूद थी। इसी दौरान पुलिस टीम को गुप्त सूचना मिली कि कालू उर्फ शेरी नामक युवक स्टेडियम के पास भारी मात्रा में हेरोइन लेकर खड़ा है और उसे सप्लाई करने की फिराक में है। सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने बिना समय गंवाए स्टेडियम के मुख्य गेट के पास छापेमारी की।

खराब फसलों के मुआवजे की मांग को लेकर किसानों का प्रदर्शन, सौंपा ज्ञापन

मांगें नहीं मानी तो 3 को फिर करेंगे डीसी दफ्तर का घेराव : नथवान

हरिभूमि न्यूज ⏭फतेहाबाद

जिले में हुई बेमौसम बारिश और ओलावृष्टि से किसानों की फसलें पूरी तरह बर्बाद हो गई हैं। खेतों में खड़ी फसलें बिछ जाने से किसानों को भारी आर्थिक नुकसान हुआ है। फसलों के मुआवजे की मांग को लेकर मंगलवार को पगड़ी संभाल जट्टा किसान संघर्ष समिति के बैनर तले सैकड़ों किसान फतेहाबाद डीसी दफ्तर पहुंचे और प्रदर्शन किया। जिला अध्यक्ष ओमप्रकाश हसंगा की अगुवाई में पहुंचे किसानों ने प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी की और उपायुक्त को मांग पत्र सौंपा। प्रदर्शन में संगठन के अध्यक्ष मनदीप नथवान भी मौजूद रहे। इसके अलावा रतिया में भी किसानों ने इसी मुद्दे को लेकर प्रदर्शन किया। किसानों ने मांग पत्र में बताया कि जिले के गांव बहबलपुर, भड़ोलांवाली, सोत्तर भट्टू, थेड़ी समेत दर्जनों गांवों में ओलावृष्टि से फसलें पूरी तरह नष्ट हो चुकी हैं।



फतेहाबाद। डीसी को ज्ञापन सौंपते पगड़ी संभाल जट्टा किसान संघर्ष समिति के प्रधान मनदीप नथवान।

रतिया में किसानों ने एसडीएम को सौंपा मांग



रतिया। पगड़ी सम्मल जट्टा किसान संघर्ष समिति रतिया कमेटी के आह्वान पर किसानों ने आज रोष प्रदर्शन किया। किसानों द्वारा बारिश व ओलावृष्टि से खराब हुई फसलों के मुआवजे की मांग को लेकर एसडीएम को सीएम के नाम मांग पत्र सौंपा गया।

किसानों ने सरकार से तुरंत गिरदावरी करवाकर एक लाख रुपये प्रति एकड़ मुआवजा सीधे बैंक खातों में भेजने की मांग की है। प्रदेश अध्यक्ष मनदीप सिंह नथवान ने कहा कि बेमौसम बारिश और ओलावृष्टि ने किसान की मेहनत पर पानी फेर दिया है। उन्होंने कहा कि अगर प्रशासन जल्द गिरदावरी करवाकर किसानों को एक लाख रुपये प्रति एकड़ मुआवजा जारी नहीं किया, तो 3 नवंबर को जिलेभर के पीड़ित किसान एकजुट होकर डीसी दफ्तर फतेहाबाद का पूर्ण रूप से घेराव करेंगे।



सिरसा। लघुसचिवालय में धरना-प्रदर्शन करते किसान। फोटो: हरिभूमि

मुआवजे की मांग को लेकर सौंपा ज्ञापन

सिरसा। जिले में बेमौसमी बरसात और ओलावृष्टि से बर्बाद हुई फसलों के मुआवजे की मांग को लेकर किसानों ने मंगलवार को जिला मुख्यालय पर धरना प्रदर्शन किया और उपायुक्त को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। किसान लखविंदर सिंह ने कहा कि बरसात और ओलावृष्टि के कारण जिले के गांव मरोखां, दड़बी, बरुवाली, रानियां, नानुआना, धोतड़, सुल्तानपुरिया, अभोली, नकोड़ा, नगराना, मोहम्मदपुरिया, बालासर, भडोल्यांवाली, मंगालिया, फतेहपुरिया, फिरोजाबाद, चामल, झोरड़वाली सहित कई गांवों के किसानों की फसलें बर्बाद हो चुकी हैं। रबी 2025-26 के दौरान बरुवाली और मरोखां में गेहूं, जौ और सरसों की पकी फसलें नष्ट होने के बावजूद अभी तक मुआवजा नहीं मिला है।



रतिया। जांच करने के लिए मार्केट कमेटी कार्यालय पहुंचे जोनल प्रवर्तन अधिकारी राजीव चौधरी।

हरियाणा के नाम पर दूसरे राज्यों का धान बेचने का आरोप

सीएम के निर्देश पर मार्केट कमेटी सचिव का तबादला, इडी की जांच शुरू

- मार्केट कमेटी सचिव का तबादला, दोषियों पर एफआईआर की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭रतिया

रतिया अनाज मंडी में उत्तर प्रदेश और बिहार समेत दूसरे राज्यों से धान लाकर हरियाणा का बताकर बेचने के आरोपों के मामले में प्रशासन हरकत में आ गया है। मुख्यमंत्री के निर्देश पर मार्केट कमेटी रतिया के सचिव ओम प्रकाश चहल का देर रात तबादला कर दिया गया। उनकी जगह तरावड़ी मार्केट कमेटी से संजीव सचदेवा को नियुक्त किया गया है। वहीं, मंगलवार को जोनल प्रवर्तन अधिकारी राजीव चौधरी के नेतृत्व में प्रवर्तन विभाग की टीम ने मार्केट कमेटी कार्यालय पहुंचकर मामले की जांच शुरू की और भारतीय किसान यूनियन, खेती बचाओ के प्रदेश अध्यक्ष राजविंदर चहल व प्रदेश प्रवक्ता राम जाट के बयान दर्ज किए। मामले की गंभीरता को देखते हुए टीम ने मार्केट कमेटी अधिकारियों से संबंधित रिकॉर्ड भी तलब किया। जांच के दौरान बाहर से धान लाकर मंडी में बेचने के आरोपों और इसमें संभावित रूप से शामिल लोगों की भूमिका की पड़ताल की जा रही है। किसान नेताओं ने प्रवर्तन टीम के सामने आरोप लगाया कि उत्तर प्रदेश और बिहार से सस्ता धान लाकर रतिया क्षेत्र की मंडियों में ऊंचे दामों पर बेचा जा रहा है। इससे स्थानीय किसानों को नुकसान होने के साथ सरकारी खरीद व्यवस्था में भी गड़बड़ी की आशंका है।

क्या कहते हैं अधिकारी

जोनल प्रवर्तन अधिकारी राजीव चौधरी ने बताया कि किसानों की शिकायत पर जांच शुरू कर दी गई है। किसान नेताओं के बयान दर्ज किए गए हैं और संबंधित रिकॉर्ड की जांच की जा रही है। जांच पूरी होने के बाद दोषी पाए जाने वालों के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

घर में आग लगाने वाला पति गिरफ्तार

भट्टूकलां। घर में आग लगाकर घरेलू सामान और मकान को नुकसान पहुंचाने के मामले में भट्टू कलां पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपी की पहचान बलबीर पुत्र हरि सिंह निवासी गांव बोदीवाली के रूप में हुई है। थाना भट्टू कलां के प्रभारी निरीक्षक वीर सिंह ने बताया कि गांव बोदीवाली निवासी एक पीड़ित महिला ने पुलिस को शिकायत दर्ज करवाई थी कि उसका पति बलबीर शराब पीने का आदी है और आए दिन घर में कलह व मारपीट कर उसे और उसके बच्चों को मानसिक रूप से प्रताड़ित करता था। शिकायतकर्ता महिला के अनुसार, 4 अक्टूबर को वह अपने बच्चों के साथ किसी कार्यवश घर से बाहर गई हुई थी। इसी दौरान उसके शराबी पति बलबीर ने रंजिश के चलते कथित तौर पर घर के अंदर आग लगा दी। इस आगजनी में घर में रखे कपड़े, बिस्तर, बर्तन और अन्य तमाम जरूरी घरेलू सामान पूरी तरह जलकर राख हो गए। इतना ही नहीं, आग की भयंकर लपटों के कारण कमरे की छत को भी भारी नुकसान पहुंचा। पीड़ित महिला की शिकायत के आधार पर पुलिस ने केस दर्ज किया और नामजद आरोपी बलबीर को धर दबोचा।



भट्टूकलां। घर में आग लगाने के मामले में गिरफ्तार आरोपी।

बाइक सवार प्रतिबंधित गोलियों सहित काबू

कालांवाली। सीआईए कालांवाली ने गश्त के दौरान गांव पीपली क्षेत्र से बाइक सवार को प्रतिबंधित नशीली गोलियों सहित काबू किया है। पुलिस प्रवक्ता आनंद कुमार ने बताया कि सीआईए कालांवाली पुलिस टीम एएसआई दलबीर सिंह के नेतृत्व में गश्त के दौरान कार्रवाई करते हुए गांव पीपली क्षेत्र से एक बाइक सवार व्यक्ति को काबू किया। शक के आधार पर नियमानुसार तलाशी ली तो उसके कब्जे से 45 प्रतिबंधित गोलियां एलप्राजोलम व 2100 नशे में दुरुपयोग होने वाले कैप्सूल प्रेगाबलीन बरामद हुए। आरोपी कुलदीप सिंह के खिलाफ मादक पदार्थ अधिनियम के तहत थाना कालांवाली में मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई है।

नहरी पानी में कटौती से भड़के किसान

- सिंचाई विभाग कार्यालय पर जोरदार प्रदर्शन
- डीसी और एसई को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭फतेहाबाद

जिले भर की नहरों में पानी के सप्लाई रेगुलेशन को दो सप्ताह से घटाकर महज एक सप्ताह किए जाने के फैसले से आक्रोशित किसानों ने मंगलवार को अखिल भारतीय किसान सभा के बैनर तले सिंचाई विभाग कार्यालय पर जोरदार प्रदर्शन किया। किसानों ने सुपरिंटेंडेंट इंजीनियर कार्यालय के बाहर अपनी मांगों को लेकर नारेबाजी की और सिंचाई विभाग के इस फैसले को किसान व जन-विरोधी करार दिया। प्रदर्शन की अध्यक्षता किसान सभा के जिला प्रधान विष्णुदत्त ने की और संचालन मा. राजेन्द्र प्रसाद बाटू ने किया। प्रदर्शन के बाद किसानों ने एसई को मुख्यमंत्री और भाखड़ा ब्यास मैनेजमेंट बोर्ड के नाम ज्ञापन भी सौंपा। इसके बाद किसान डीसी से भी मिले और ज्ञापन सौंपा। मुख्य वक्ता के तौर पर रामकुमार, जगतार सिंह, सुभाष चन्द्र भादू मौजूद रहे। किसान सभा के जिला प्रधान विष्णुदत्त ने कहा कि सिंचाई विभाग ने बिना सोचे-समझे नहरों में पानी के सप्लाई रेगुलेशन को दो सप्ताह से घटाकर एक हफ्ता कर दिया है। नारेबाजी की और सिंचाई विभाग के इस फैसले को किसान व जन-विरोधी करार दिया। प्रदर्शन की अध्यक्षता किसान सभा के जिला प्रधान विष्णुदत्त ने की और संचालन मा. राजेन्द्र प्रसाद बाटू ने किया। प्रदर्शन के बाद किसानों ने एसई को मुख्यमंत्री और भाखड़ा ब्यास मैनेजमेंट बोर्ड के नाम ज्ञापन भी सौंपा। इसके बाद किसान डीसी से भी मिले और ज्ञापन सौंपा। मुख्य वक्ता के तौर पर रामकुमार, जगतार सिंह, सुभाष चन्द्र भादू मौजूद रहे। किसान सभा के जिला प्रधान विष्णुदत्त ने कहा कि सिंचाई विभाग ने बिना सोचे-समझे नहरों में पानी के सप्लाई रेगुलेशन को दो सप्ताह से घटाकर एक हफ्ता कर दिया है।



फतेहाबाद। जिला उपायुक्त को ज्ञापन सौंपते किसान। फोटो: हरिभूमि

भाखड़ा ब्यास मैनेजमेंट बोर्ड पर केंद्र के नियंत्रण का भी विरोध

किसानों द्वारा दिए गए ज्ञापन में केंद्र सरकार द्वारा भाखड़ा ब्यास मैनेजमेंट बोर्ड के पुनर्गठन और उसमें हरियाणा के प्रतिनिधित्व वाले अधिकारों को अपने हाथ में लेने की नीति का भी पुरजोर विरोध किया गया। किसान नेताओं ने मांग की कि केंद्र सरकार तुरंत पुरानी व्यवस्था को बहाल करे, ताकि राज्यों और स्थानीय किसानों के हितों की अनदेखी न हो सके। ज्ञापन में कहा गया है कि पानी के रेगुलेशन में की गई इस कटौती का असर सिर्फ फतेहाबाद ही नहीं, बल्कि पड़ोसी जिलों हिसार और सिरसा पर भी पड़ेगा।

बिना चेतावनी संकेतों के ब्रेकर, कार-बाइक भिड़ीं

हरिभूमि न्यूज ⏭डिंग

नेशनल हाईवे नंबर-9 पर डिंग रोड चौक के ब्रेकर वाहन चालकों के लिए मुसीबत बन गए हैं। ब्रेकरों से पहले चेतावनी बोर्ड और रिफ्लेक्टर नहीं होने से वाहन चालकों को दूर से इनका पता नहीं चलता। अचानक ब्रेक लगाने से वाहन आपस में टकरा रहे हैं और लोग घायल हो रहे हैं। इसके बावजूद सुरक्षा इंतजामों की कमी बनी हुई है। सोमवार रात करीब दो बजे ब्रेकर का अंदाजा नहीं लगने पर ट्रक चालक ने अचानक ब्रेक लगा दिए। पीछे आ रही कार ट्रक से जा टकराई। हादसे में कार सवार व्यक्ति घायल हो गया। वहीं, फतेहाबाद की ओर से आ रही एक कार के अचानक ब्रेक लगाने से पीछे चल रही बाइक उससे भिड़ गई। इस हादसे में बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया। स्थानीय दुकानदारों के अनुसार, चौक पर दिनभर हादसों का खतरा बना रहता है। क्षेत्रवासियों ने संबंधित विभाग से सवाल उठाते हुए कहा कि ब्रेकर बनाने के बाद वाहन चालकों को सतर्क करने के इंतजाम क्यों नहीं किए गए? उन्होंने चेतावनी बोर्ड, रिफ्लेक्टर लगाने की मांग की, ताकि समय रहते वाहन चालक सतर्क हो सकें और हादसों पर अंकुश लगे।

डिंग रोड चौक के ब्रेकर वाहन चालकों के लिए मुसीबत

समस्या छात्रा समेत दो लोगों को काटा, नगर परिषद का ठेका खत्म होने से नहीं हो रही पकड़

जगजीवनपुरा के राजकीय प्राथमिक स्कूल और पब्लिक पार्क में दो महीने से बंदरों का जमावड़ा

बच्चों को बचाने के लिए लट्ठ लेकर बंदरों को भगाते हैं शिक्षक

हरिभूमि न्यूज ⏭फतेहाबाद

शहर के जगजीवनपुरा स्थित राजकीय प्राथमिक विद्यालय ठाकर बस्ती और साथ लगते पब्लिक पार्क में बंदरों का आतंक बच्चों और आमजन के लिए परेशानी का सबब बन गया है। पिछले करीब दो महीने से बंदरों के झुंड ने यहां डेरा जमाया हुआ है। सुबह स्कूल खुलने से पहले ही बंदर परिसर में जमा हो जाते हैं। ऐसे में शिक्षकों को लट्ठ लेकर उन्हें भगाना पड़ता है, ताकि बच्चे सुरक्षित स्कूल में प्रवेश कर सकें। बंदरों का खतरा केवल स्कूल तक सीमित नहीं है। वार्ड पार्षद मोहन लाल नारंग के अनुसार, पिछले दिनों जगजीवनपुरा निवासी कंचन शर्मा सुबह पब्लिक पार्क में व्यायाम कर रही थीं, तभी बंदरों ने उन्हें काट लिया। वहीं, पिछले शनिवार को स्कूल की छात्रा प्रतिमा को भी बंदर ने काट खाया। इन घटनाओं के बाद क्षेत्र के लोगों में डर बढ़ गया है।



प्राथमिक विद्यालय में घुसे बंदर।



बैठक में भी उठा था मुद्दा

पार्षद मोहन लाल नारंग ने बताया कि बंदरों की समस्या को लेकर नगर परिषद अधिकारियों को कई बार अवगत कराया जा चुका है। हर बार जल्द बंदर पकडवे वाली टीम भेजने का आश्वासन मिलता है, लेकिन कार्रवाई नहीं हुई। 15 अक्टूबर को हुई वार्ड कमेटी की बैठक में भी स्कूल अध्यापकों और वार्डवासियों ने यह मुद्दा उठाया था। इसके बावजूद समस्या जस की तस बनी हुई है। नारंग के अनुसार, मंगलवार को नगर परिषद के कर्मचारी से संपर्क करने पर बताया गया कि बंदर पकडवे का ठेका समाप्त हो चुका है। पार्षद मनोज भयाना, राजकुमार मेहता, एसडीओ तथा संदीप और तरुण बजाज सहित अन्य लोगों ने भी समस्या के समाधान की जरूरत बताई।

मिड-डे मील बनाना-बच्चों को खिलाना चुनौती

स्कूल स्टाफ के अनुसार, बंदरों की मौजूदगी में मिड-डे मील तैयार करने से लेकर बच्चों को भोजन परोसने तक परेशानी झेलनी पड़ती है। कई बार भोजन बनाते समय बंदर रसोई में काम करने वाली महिलाओं पर झपट पड़ते हैं। तैयार भोजन पर भी बंदर हमला कर देते हैं। इससे न केवल भोजन तैयार करने में बाधा आती है, बल्कि बच्चों की सुरक्षा को लेकर भी चिंता बनी रहती है। शिक्षकों का कहना है कि उन्हें पढ़ाई के साथ-साथ बंदरों से बच्चों को बचाने की जिम्मेदारी भी निभानी पड़ रही है। स्कूल अध्यापक सुनीता रानी, मुकेश, अंजली, ममता और राजेश कुमार ने बताया कि बंदरों के कारण रोजाना परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। समस्या के समाधान के लिए स्कूल स्टाफ ने नगर परिषद के कार्यकारी अधिकारी के नाम पत्र लिखकर बंदरों को पकड़वाने की मांग की है। पत्र में बताया गया है कि बंदरों के कारण बच्चे कई बार सुरक्षित तरीके से स्कूल में प्रवेश नहीं कर पाते और मिड-डे मील का काम भी प्रभावित होता है।



90 के दशक की यादें ताजा कर रहा सूर्या का 'सुनियो जरा'

नई दिल्ली। बॉलीवुड अभिनेता सनी देओल की आगामी फिल्म 'सूर्याः अंत से आरंभ तक' को लेकर दर्शकों के बीच उत्सुकता बढ़ रही है। फिल्म के मेकर्स ने मंगलवार सुबह इसका नया गाना 'सुनियो जरा' रिलीज कर दिया है। इस गाने की खास बात यह है कि इसे हिंदी संगीत जगत के दिग्गज गायक उदित नारायण और कुमार सानू ने अपनी आवाज दी है। उनके साथ अनुपम अमोद भी इस म्यूजिकल कोलैबोरेशन का हिस्सा हैं। दोस्ती और पुराने रिश्तों की गर्माहट को समर्पित यह गाना सुनने वालों को भावुक करने के साथ-साथ 90 के दशक की पुरानी यादों में ले जाने की कोशिश करता है। यह फिल्म 20 नवंबर को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है।

लाइफ Style

सैयामी

इंटरनेशनल फिल्म में निभाएंगी किरदार

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

अब खबर आ रही है कि सैयामी आने वाले समय में विदेशी सिनेमा में अपनी एक्टिंग का जलवा बिखेरती हुईं नजर आएंगी। कलाकार को कुछ न कुछ नया करते रहना चाहिए। इसी दिशा में अभिनेत्री सैयामी खेर अपने कॅरियर में एक नया अध्याय जोड़ने जा रही हैं। वह निर्देशक मैक्सिम कुजनेत्सोव की आगामी इंडो-रूसी ड्रामा फिल्म से अंतरराष्ट्रीय सिनेमा में कदम रखेंगी। इस फिल्म में भारत और रूस के कलाकार व क्रिएटिव टीम के सदस्य साथ काम कर रहे हैं। फिल्म की कहानी ड्रामा पर आधारित है, जो सिनेमा के जरिए दो अलग-अलग संस्कृतियों को जोड़ने का प्रयास करेगी।

भारत और रूस में शूट हुई इस फिल्म के दौरान सैयामी को एक नए सिनेमाई माहौल में काम करने का अवसर मिला। विदेशी क्रू के साथ काम करने का उनका पहला अनुभव था। सैयामी कहती हैं- उनके साथ काम करना शानदार अनुभव था। रूस में शूटिंग हुई है, जहां मैं पहली बार गई थी। मास्को बेहद खूबसूरत शहर है। वहां काम करने का माहौल मेरे अब तक के अनुभवों से काफी अलग था। उम्मीद है कि यह मेरे लिए ऐसे कई और अंतरराष्ट्रीय प्रोजेक्ट का पहला कदम साबित होगा।

सुपरस्टार अक्षय कुमार की फिल्म हैवान को बीते महीने सिनेमाघरों में रिलीज किया गया था। बॉक्स ऑफिस पर फिल्म फ्लॉप रही, लेकिन उसमें नजर आने वालीं अभिनेत्री सैयामी खेर ने अपनी अदाकारी से सबका दिल जीता था।



हॉलीवुड मसाला



नहीं मिल रहीं गॉडजिला को स्क्रीनिंग

नई दिल्ली। रणबीर कपूर की सुपरहिट फिल्म रामायण पार्ट 1 की वजह से हॉलीवुड की सबसे सफल फ्रेंचाइजी वाली फिल्म गॉडजिला को भारत में रिलीज करने का इरादा मेकर्स को टालना पड़ा है। 6 नवंबर को वर्ल्डवाइड रिलीज होने जा रही गॉडजिलाः माइनस जीरो' की रिलीज डेट को मेकर्स आगे खिसकाने की प्लानिंग कर रहे हैं। रणबीर कपूर की माइथोलॉजिकल फिल्म रामायणम पार्ट 1 दीपावली के मौके पर सिनेमाघरों में रिलीज हो रही है। ठीक उसी समय पर गॉडजिलाः माइनस जीरो भी आ रही है।



वरुण व कृति डब करेंगे ऑब्सेशन का हिंदी वर्जन

नई दिल्ली। अभिनेता वरुण धवन और कृति सेन हॉलीवुड की ब्लॉकबस्टर हॉरर फिल्म 'ऑब्सेशन' के हिंदी वर्जन से जुड़े हैं। दोनों सितारे इसके हिंदी वर्जन में मुख्य किरदारों को अपनी आवाज देंगे। यह फिल्म बेयर नाम के एक म्यूजिक स्टोर वर्कर की कहानी है, जिसे अपनी कलीग निक्की से प्यार हो जाता है। उसकी जिंदगी में एक बुरा मोड़ तब आता है, जब वह 'वन विश विलो' नाम के एक अजीब खिलौने का इस्तेमाल करके उसे अपने प्यार में डाल देता है। हालांकि, उसकी इस इच्छा से कुछ अनचाही और डरावनी घटनाएं होती हैं, क्योंकि निक्की उसके लिए और ज्यादा ऑब्सेस्ड हो जाती है। कृति सेनन ने कहा कि उन्हें कहानी पसंद आई और उन्हें यह रोल काफी उत्साहित करने वाला लगा, साथ ही चैलेंजिंग भी।



30 को आएगा श्रद्धा की ईठा का ट्रेलर...

नई दिल्ली। श्रद्धा कपूर और रणदीप हुड्डा की अपकमिंग फिल्म 'ईठा' का फैंस को बेसब्री से इंतजार है। इससे पहले मेकर्स ने इस फिल्म के ट्रेलर के रिलीज डेट को लेकर जानकारी दी है। हाल ही में जारी हुए फिल्म के टीजर में श्रद्धा कपूर का शानदार लुक देखने को मिला था। अभिनेत्री अपने डांस से दर्शकों को अपना दीवाना बानाने वाली हैं। मेकर्स ने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो क्लिप शेयर की है। इसमें देखा जा सकता है कि गांव का माहौल है। बहुत से लोग रात के वक्त जमा हुए हैं। इन लोगों के बीच में एक महिला खड़ी है। उसके आस-पास सभी लोग जोर-जोर से ईठा-ईठा के नारे लगा रहे हैं। वीडियो क्लिप के बैकग्राउंड का संगीत अच्छा समा बांध रहा है। श्रद्धा कपूर ने वीडियो क्लिप शेयर करते हुए लिखा, 'बिखरेगा जलवा इस शुक्रवार।



'लॉन्ग...' में साथ नजर आएंगे सैफ-विद्या

मुंबई। अभिनेता सैफ अली खान और विद्या बालन जल्द ही एक नई फिल्म में साथ नजर आने वाले हैं। 'द लंचबॉक्स' जैसी चर्चित फिल्म बना चुके डायरेक्टर रितेश बत्रा अपनी अगली फिल्म 'लॉन्ग इयर्स अगो' लेकर आ रहे हैं। इस फिल्म को जियो स्टूडियोज का साथ मिला है, जिसकी कमान ज्योति देशपांडे संभाल रही हैं। ज्योति इससे पहले फिल्म 'धुरंधर' के प्रोडक्शन से भी जुड़ी रही हैं। इस फिल्म में सैफ और विद्या के साथ फ्रेंच एक्ट्रेस मेलानी लॉरेंट भी अहम भूमिका निभाएंगी। यह एक फैमिली कॉमेडी-ड्रामा फिल्म होगी, जिसकी कहानी साल 1991 में सेट की गई है। फिल्म की ज्यादातर शूटिंग मुंबई में की जाएगी। बता दें कि अभिनेता सैफ अली खान और अभिनेत्री विद्या बालन इससे पहले साल 2005 में आई फिल्म 'परिणीता' और 'एकलव्यः द रॉयल गार्ड' में साथ काम कर चुके हैं।

टीवी मसाला

बिग बॉस से बाहर होते ही मैरी कॉम ने खोली सबकी पोल!

नई दिल्ली। कलर्स टीवी के बहुचर्चित रियलिटी शो 'बिग बॉस 20' के 'वीकेंड का वार' में भारत की स्टार बॉक्सर मैरी कॉम का सफर खत्म हो गया। घर से एविक्ट होने के बाद मैरी कॉम ने एक बातचीत में बिग बॉस के घर के अंदर बीते दिनों, कंटेस्टेंट्स के असली चेहरों और खुद पर उठे सवालों पर बेबाकी से जवाब दिए हैं। माही को मैरी कॉम ने घर का सबसे बड़ा दिमाग और मास्टरमाइंड बताया। काजी को मैरी कॉम ने इस टैग के लिए चुना और कहा कि माही और काजी का कनेक्शन काफी गहरा है। मैरी कॉम ने बिना सोचे अरिश्फा का नाम लिया और कहा कि वह कैमरा और फुटेज के लिए सबसे ज्यादा नाटक करती है। मैरी कॉम ने आसिफ खान को घर का सबसे 'दोगला' सदस्य बताया। मैरी कॉम के मुताबिक घर में गुल्लू की दोस्ती सबसे सच्ची लगती है। मैरी कॉम का मानना है कि अमपाली दुबे और माही में विनर बनने की क्वालिटी है क्योंकि दोनों खेल को दिमाग से खेल रही हैं.भविष्य में फिर से किसी रियलिटी शो में जाने के सवाल पर मैरी कॉम ने मुस्कुराते हुए कहा कि वे इस पर विचार करेंगी. उन्होंने अपने तमाम फैंस का शुक्रिया अदा करते हुए कहा कि बिग बॉस के सफर में मिले प्यार के लिए वे हमेशा आभारी रहेंगी। 28 सालों तक रिंग में देश का नाम रोशन करने वाली मैरी कॉम ने बताया कि टेलीविजन का यह अनुभव उनके खेल जीवन से बिल्कुल अलग था और वे यहां सिर्फ एक नया अनुभव हासिल करने आई थीं। उन्होंने कहा, मैं एक स्पोर्ट्सपर्सन हूं और मैंने पिछले 20 सालों में देश के लिए काफी योगदान दिया है। लेकिन टेलीविजन और इस तरह के रियलिटी शोज का मुझे कोई अनुभव नहीं था। ब्रांड्स के शूट तो कुछ घंटों के होते हैं, पर 24 घंटे कैमरों के बीच रहना और शो को प्रमोट करना बिल्कुल अलग अनुभव है।



2 कंटेस्टेंट्स ने पार की हदें, सौरव गुस्से से हुए लाल

नई दिल्ली। रिएलिटी शो बिग बॉस एक ऐसा शो है, जो देश में इस वक्त करीब 6 भाषाओं में चल रहा है। इसका हिंदी वर्जन सबसे ज्यादा हिट है, जिसे सलमान खान होस्ट करते हैं। वहीं बिग बॉस को एक बार फिर सौरव गांगुल होस्ट कर रहे हैं। पर बिग बॉस बांग्ला में इस बार दो कंटेस्टेंट्स ने ऐसी हदें पार की हैं, कि इसकी चर्चा पूरे देश में होने लगी। फैमिली शो में दो कंटेस्टेंट्स के इंटिमेट होने पर शो के होस्ट सौरव गांगुली का पारा सातवें औसमान पर पहुंच गया और दोनों को लास्ट वार्निंग दे डाली। बिग बॉस बांग्ला के कई वीडियो सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रहे हैं। ये वीडियो राजवीर डे और नंदिनी गुप्ता के हैं। वीडियो में दिख रहा है कि राजवीर और नंदिनी सैकड़ों कैमरो के बीच भी कभी लिप लॉक कर रहे हैं तो कभी एक-दूसरे के साथ इंटिमेट हो रहे हैं। दोनों का ये रोमांस इंटरनेट पर आग की तरह फैल गया है और लोग सवाल पूछ रहे हैं कि फैमिली शो में ये सब कैसे हो रहा है।



बहन की मौत का रहस्य सुलझा रहीं शनाया

मुंबई। बड़े पर्दे के बाद अब 'स्टूडूटेंट ऑफ द ईयर'की दुनिया ओटीटी पर आ गई है। करण जौहर ने अपनी इस फिल्म को वेब सीरीज के तौर पर बनाया है, जिसका नाम 'स्टूडूटेंट ऑफ द ईयर- आफ्टर डार्क' रखा गया है। जियो हॉटस्टार की इस सीरीज में शनाया कपूर लीड रोल में नजर आ रही हैं और मंगलवार को इस सीरीज का पहला ट्रेलर मेकर्स ने रिलीज कर दिया है। 'स्टूडूटेंट ऑफ द ईयर- आफ्टर डार्क' में शनाया कपूर अपनी बहन (आयशा मलिक) की रहस्यमयी मौत का राज़ पता करने की कोशिशों में लगी हैं। 1 मिनट 50 सेकेंड के ट्रेलर में दिखाया गया है कि शनाया बहन की मौत की वजह से जानने के लिए हर हाद पार करने को तैयार है। इसमें शनाया की मां का किरदार शीबा चड्ढा ने निभाया है। शनाया ने सीरीज में डबल रोल निभाया है। यानी सीरीज में वो जुड़वा बहनों के किरदार में दिखाई देंगी। ट्रेलर की शुरुआत में दिखाया जाता है कि शनाया कपूर की बहन आयशा मलिक की लाश बर्फ से एक जमें बाराखली झील से मिलती है। मौत हादसा थी या हत्या? इसका पता करने के लिए शनाया खुद ही



सेंट टेरेसा हेरिटेज स्कूल पहुंच जाती हैं। वहां उनकी मुलाकात अलग अलग किरदारों से होती है। एक बेस्ट फ्रेंड जो आयशा से जलती थी. वो खुद को आयशा की बहन जैसा मानती है, लेकिन हादसे वाली रात उसे अकेला छोड़ दिया था। फिर शनाया की मुलाकाज आयशा के रिजेक्टेड लवर से होती है, जो खुद को उसका बेस्ट फ्रेंड बताता है। फिर रूम मेट से मिलती हैं जो साइको है और आयशा से नफरत करती थी. और एक बॉयफ्रेंड, जो कुछ ज्यादा ही परफेक्ट है।

साइकोलॉजिकल थ्रिलर गोंधल का धांसू ट्रेलर रिलीज मन में छिपे सच को लेकर छोड़ती है कई सवाल

नई दिल्ली। संतोष दावखर की फिल्म 'गोंधल' 13 नवंबर को सात भाषाओं- हिंदी, मराठी, तमिल, तेलुगु, मलयालम, कन्नड़ और अंग्रेजी में दुनियाभर के सिनेमाघरों में रिलीज होने के लिए तैयार है। यह एक ऐतिहासिक कदम है, क्योंकि पहली बार किसी मराठी फिल्म को वर्ल्डवाइड लेवल पर सात भाषाओं में दोबारा रिलीज किया जा रहा है। फिल्म भारत, अमेरिका, ब्रिटेन, यूरोप, ऑस्ट्रेलिया, दुबई और अफ्रीका सहित कई क्षेत्रों में रिलीज होगी। 99वें अकादमी पुरस्कारों के लिए भारत की ऑफिशियल एंट्री संतोष दावखर की फिल्म 'गोंधल' का ग्लोबल ट्रेलर रिलीज हो गया है। ट्रेलर इस साइकोलॉजिकल थ्रिलर की एक प्रभावशाली झलक पेश करता है। भव्य सीन, सांस्कृतिक परिवेश और रहस्य की परतों में बुनी कहानी फिल्म की उस बेचैन कर देने वाली दुनिया की ओर संकेत करती है, जिसने इसे अंतर्राष्ट्रीय स्तर चर् छेड़ दी है।



क्या है गोंधल की कहानी?

महाराष्ट्र की सांस्कृतिक विरासत की पृष्ठभूमि पर आधारित 'गोंधल' सुमन नाम की लड़की की कहानी है जो नवविवाहिता है और अपनी शादीशुदा जिंदगी में खुश नहीं है। सुमन के घर में पारिवारिक परंपरा के अनुसार देवी की आराधना का पारंपरिक लोक अनुष्ठान गोंधल चल रहा होता है और फिर कहानी में मोड़ तब आता है जब गोंधली कलाकार से सुमन की नजदीकियां बढ़ने लगती है। वह अपनी बोरिंग शादीशुदा जिंदगी से बाहर निकलना चाहती है। एक रात में चल रही इस कहानी में लालच, धोखा, हेरफेर, रिश्तों की कड़वाहट का ऐसा जाल बनता है कि एक तरफ भक्ति चल रही होती है और एक तरफ अन्य किरदार अपनी दबी हुई इच्छाओं, डर, वासना और स्वार्थ से जूझते हैं। ट्रेलर अपने रहस्यमय सीन्स और ऐसे रिश्ते की झलकियों के जरिए उत्सुकता बढ़ाता है, जो निजी इच्छाओं और गहरे दायित्वों के बीच फंसा हुआ है। यह कहानी दर्शकों के मन में परत के नीचे छिपे सच को लेकर कई सवाल छोड़ जाती है।

रामानंद सागर की रामायण में शबरी का किरदार निभाया था सरिता ने

200 से ज्यादा फिल्मों में काम, फिर भी नहीं मिली पहचान

नई दिल्ली। रामानंद सागर की रामायण के हर एक किरदार को देशभर में पहचान मिली थी। आज हम आपको रामायण के एक ऐसे किरदार के बारे में बता रहे हैं जो केवल एक एपिसोड में थीं, लेकिन उन्हें भी इस सीरियल ने असल मायनों में पहचान दिलाई।



कौन थीं शबरी?

हम जिस किरदार की बात कर रहे हैं उनका नाम है शबरी। शबरी की बात करें तो वो भगवान राम की सबसे बड़ी भक्त कही जाती हैं। वनवास के दौरान भगवान राम अपनी सबसे बड़ी भक्त से मिले थे। ऐसी कथाएं प्रचलित हैं कि जब भगवान राम आए तो शबरी ने उन्हें बेर खिलाए थे। बेर खट्टे न हों, ये देखने के लिए शबरी पहले खुद बेर चखती थीं और फिर वही भगवान राम को खिलाती थीं।

1947 में अपने करियर की शुरुआत की थी

रामानंद सागर की रामायण में शबरी का किरदार एक्ट्रेस सरिता देवी ने निभाया था। सरिता देवी राजस्थान से आती थीं। उन्होंने साल 1947 में अपने करियर की शुरुआत की थी। सरिता देवी ने अपने करियर में 200 से ज्यादा फिल्में की थीं, लेकिन उन्हें किसी भी फिल्म से वो पहचान नहीं मिल पाई जो रामायण के एक एपिसोड ने उन्हें दिला दी थी।

कभी बनीं बुआ, कभी भाभी तो कभी चाची

उन्होंने कभी मेन लीड की रोल की मां का किरदार निभाया, तो कभी भाभी का तो कभी चाची का। सरिता ने फिल्म टैक्सी ड्राइवर में देव आनंद की मां का रोल निभाया था। 1953 में आई परिणीता में उन्होंने भाभी की भूमिका निभाई थी। आई मिलन की बेला में उन्होंने बुआ का किरदार निभाया था। 1955 में आई देवदास में उन्होंने पारो की दादी का रोल निभाया था और आए दिन बहार के में उन्होंने मौसी का किरदार निभाया था।

सरिता को हमेशा मिले सपोर्टिंग रोल

मीडिया में मौजूद जानकारी के मुताबिक, सरिता देवी का जन्म 23 नवंबर, 1925 को जोधपुर में हुआ था। वो राजस्थान की पहली कैरेक्टर एक्ट्रेस थीं। मात्र 22 साल की उम्र में सरिता ने अपने करियर की शुरुआत की थी। सरिता देवी ने अपने करियर की शुरुआत भले ही 22 साल की उम्र में की हो, लेकिन अपने इतने लंबे करियर में उन्हें केवल सपोर्टिंग रोल ही मिले।

बॉलीवुड के दिग्गजों के साथ किया काम

सरिता ने अपने करियर में अमिताभ बच्चन, दिलीप कुमार, धर्मेंद्र, देवानंद, राजकपूर और मनोज कुमार जैसे कलाकारों के साथ काम किया। उन्होंने न केवल भारतीय फिल्मों के लिए काम किया बल्कि रूसी फिल्मों के लिए डबिंग भी की। सरिता को सात रूसी फिल्मों को हिन्दी में डब करने के लिए भी चुना गया था। रूसी फिल्म 'पेडेनिये बर्लिना' के लिए डायमंड पिक्चर्स की ओर से उन्हें सम्मानित भी किया गया था।

12 साल की उम्र में हुई थी पहली शादी

सरिता की निजी जिंदगी में काफी दर्द रहा। कुछ रिपोर्ट्स में दावा किया जाता है सरिता का बाल विवाह हुआ था। जब सरिता 12 साल की थीं तब उनकी शादी हो गई थी। हालांकि, शादी के दो महीने बाद ही उनके पति की मौत हो गई थी। इसके बाद उन्होंने ड्रामा कंपनी के मालिक लालजी गोहिल से शादी की थी। इस शादी से उन्हें दो बेटे और एक बेटी हुई थी। लेकिन, साल 1990 में उनके दूसरे पति की भी मौत हो गई थी। पति के निधन के कुछ सालों बाद उनके बड़े बेटे ने भी दुनिया को अलविदा कह दिया था। सरिता अब इस दुनिया में नहीं हैं। उन्होंने 78 साल की उम्र में आखिरी सांस ली थी। साल 2001 में पार्किंसन्स बीमारी के कारण सरिता का निधन हुआ था।



खबर संक्षेप

आज सजेगी करवा चौथ मेहंदी उत्सव की रौनक

फतेहाबाद। राष्ट्र सेविका समिति एवं हिंदू जागरण मंच की ओर से करवा चौथ के उपलक्ष्य में फतेहाबाद में बुधवार 28 अक्टूबर को सामूहिक मेहंदी उत्सव आयोजित किए जाएंगे। सुबह 11 बजे से शाम 7 बजे तक मेहंदी लगाने की व्यवस्था रहेगी। यह कार्यक्रम राष्ट्र सेविका समिति की सह जिला कार्यवाहिका ज्योत्सना की देखरेख में होगा। एडवोकेट संदीप टांटिया ने बताया कि समिति की ओर से भट्टू रोड पर अग्रवाल कॉलोनी में मैन गली के नजदीक समाधि स्थल व धर्मशाला रोड पर वाल्मीकि मंदिर के सामने स्थित स्वर्णकार धर्मशाला में हर वर्ष की भांति यह उत्सव मनाया जाएगा।

दो दोस्तों को बाइक चालक ने मारी सीधी टक्कर

नारनौंद। गांव मिलकपुर में सड़क किनारे बैठे दो दोस्तों को मोटरसाइकिल सवार ने टक्कर मारकर गंभीर रूप से घायल कर दिया। दोनों को इलाज के लिए जींद के एक निजी अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। पुलिस ने मोटरसाइकिल सवार के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज करके जांच शुरू कर दी है। गांव मिलकपुर निवासी राजेश ने बताया कि वह 11वी कक्षा मे पढता हैं। वह 22 अक्टूबर को अपने दोस्त गुरमीत के साथ शाम को घुमने के लिए मिलकपुर से राखीगढ़ी रोड पर गए हुए थे। इसी दौरान हादसा हुआ।

चौधरी देवीलाल विश्वविद्यालय में त्रिवेणी युवा महोत्सव का तीसरा दिन

लोकगीतों व पश्चिमी संगीत से विद्यार्थियों ने बिखेरे सुर



युवा महोत्सव में भाग लेते प्रतिभागी।



हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

- विद्यार्थियों को प्रतिभा प्रदर्शित करने के साथ-साथ सांस्कृतिक विरासत से जुड़ने का मिल रहा अवसर

चौधरी देवीलाल विश्वविद्यालय, सिरसा में आयोजित चार दिवसीय 13वें त्रिवेणी युवा महोत्सव के तीसरे दिन विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक, साहित्यिक और रचनात्मक प्रतियोगिताओं में उत्साहपूर्वक भाग लिया। विभिन्न मंचों पर आयोजित प्रस्तुतियों में हरियाणवी लोक संस्कृति, भारतीय संगीत, पश्चिमी संगीत, अभिनय और कलात्मक अभिव्यक्ति के विविध रंग देखने को मिले। महोत्सव विद्यार्थियों को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने के साथ-साथ सांस्कृतिक विरासत से जुड़ने का अवसर प्रदान कर रहा है।

कार्यक्रम की शुरुआत विभिन्न प्रतियोगिताओं के निर्णायक मंडल, युवा कल्याण निदेशक प्रोफेसर मंजू नेहरा, डीन स्टूडेंट वेलफेयर प्रो. सुरेंद्र सिंह, कल्चरल कोऑर्डिनेटर प्रो. रणजीत कौर, ब्रह्मजीत सिंह, सहायक युवा कल्याण निदेशक राजेश छिकारा सहित विभिन्न महाविद्यालयों के प्राचार्य द्वारा दीप प्रज्वलन व सरस्वती वंदना के साथ हुई। प्रो. मंजू नेहरा ने बताया कि तीसरे दिन मुख्य मंच एमपी हॉल में हरियाणवी समूहगान, मिमिक्री और वन एक्ट प्ले की प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। समूहगान में प्रतिभागियों ने हरियाणवी संगीत परंपरा को स्वर दिया, जबकि मिमिक्री और एकांकी प्रस्तुतियों के माध्यम से विद्यार्थियों ने अभिनय, संवाद अदायगी और रचनात्मक अभिव्यक्ति का प्रदर्शन किया। ऑडिटोरियम में पश्चिमी एकल गायन, पश्चिमी एकल वादन, पश्चिमी समूह गान और सामान्य लोकगीत एकल गायन की प्रतियोगिताएं आयोजित हुईं। इन प्रस्तुतियों में विद्यार्थियों ने विभिन्न संगीत शैलियों में अपनी गायन और वादन क्षमता का परिचय दिया। पश्चिमी संगीत की आधुनिक धुनों और लोकगीतों की पारंपरिक मिठास ने महोत्सव के संगीत पक्ष को विविधता प्रदान की। सी.वी. रमन भवन के सेमिनार हॉल में हिंदी एवं अंग्रेजी भाषण प्रतियोगिताओं के साथ प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का प्रारंभिक चरण आयोजित किया गया। वहीं, यूआईटीडीसी भवन में पोस्टर मेकिंग और रंगोली प्रतियोगिताओं के दौरान विद्यार्थियों की कलात्मक प्रतिभा सामने आई। महोत्सव के सांस्कृतिक कार्यक्रमों में गायक वरिंदर संधू ने 'विजे मांवा दे' और 'ते कावां वे, सुन कावां' जैसे गीत प्रस्तुत किए। इस अवसर पर प्रोफेसर अशोक मालिक, प्रोफेसर रविंद्र, डॉ दीपक पाठक, डॉ किरण व योगेश आदि उपस्थित थे।

रंगोली प्रतियोगिता में अव्वल रही टीम साजिद

सिरसा। चौधरी देवीलाल विश्वविद्यालय सिरसा के यूनिवर्सिटी स्कूल फॉर ग्रेजुएट स्टडीज के कंप्यूटर साइंस विभाग की ओर से टेक्नोवर्स 2026 का आयोजन किया गया। डीन प्रोफेसर मोहम्मद काशिफ किदवई के नेतृत्व में आयोजित कार्यक्रम का संचालन कंप्यूटर साइंस विभाग की प्राध्यापिका सुमन कुमारी ने किया। उन्होंने बताया कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को नई तकनीक के बारे में जागरूक करना था। इस कार्यक्रम में विभिन्न प्रकार की प्रतियोगिताओं का आयोजन भी करवाया गया जिसमें रंगोली, पोस्टर मेकिंग व पीपीटी क्रिएशन रही। रंगोली प्रतियोगिता में टीम साजिद प्रथम, टीम खुशी द्वितीय एवं टीम जसप्रीत तृतीय स्थान पर रहे। पोस्टर मेकिंग में दीपांशु प्रथम, हितेश द्वितीय व नाज तृतीय स्थान पर रहे। पीपीटी में राजदीप प्रथम स्थान पर रही। कार्यक्रम के सफल आयोजन में डॉ. प्रतीक सिंह, डॉ. साक्षी शर्मा, नीलम, मीनाक्षी अरोड़ा, नवनीत कौर, पूजा बराड़ की मुख्य भूमिका रही।

बाल दिवस स्पर्धाओं में 46 स्कूलों के 450 बच्चों ने दिखाई प्रतिभा

एकल नृत्य, समूह नृत्य, कार्ड मेकिंग सहित विभिन्न प्रतियोगिताओं में शानदार प्रदर्शन

- विजेताओं को 14 को बाल दिवस पर किया जाएगा पुरस्कृत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

जिला बाल कल्याण परिषद् द्वारा 26 से 31 अक्टूबर तक राज्य स्तरीय बाल दिवस प्रतियोगिताओं के तहत जिला स्तरीय प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जा रहा है। इन प्रतियोगिताओं में कक्षा प्रथम से बारहवीं तक के विद्यार्थियों के लिए विभिन्न आयु वर्गों के अनुसार लगभग 40 प्रकार की प्रतियोगिताएं आयोजित की जा रही हैं। इसी कड़ी में मंगलवार को दूसरे ग्रुप के विद्यार्थियों की प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। प्रतियोगिताओं का शुभारंभ मंडल बाल कल्याण अधिकारी, हिसार वजीर सिंह ने ज्योति प्रज्वलित करके किया। इस दौरान विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा और रचनात्मकता का शानदार प्रदर्शन किया। दूसरे ग्रुप के बच्चों के लिए एकल नृत्य, एकल शास्त्रीय नृत्य, समूह नृत्य, कार्ड मेकिंग, प्रश्नोत्तरी तथा दीया-कैंडल डेकोरेशन प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। इनमें जिले के 46 सरकारी व गैर सरकारी स्कूलों के लगभग 450 विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। जिला बाल कल्याण परिषद् का उद्देश्य बच्चों को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने के लिए मंच प्रदान करना, उनमें रचनात्मकता को बढ़ावा देना तथा आत्मविश्वास और प्रतिस्पर्धा की भावना विकसित करना है। प्रतियोगिताओं में भाग लेकर बच्चे अपनी प्रतिभा को निखारने के साथ-साथ अन्य विद्यार्थियों से भी सीख रहे हैं। सभी विजेता बच्चों को 14 नवंबर को बाल दिवस-2026 के उपलक्ष्य में माननीय उपायुक्त द्वारा पुरस्कृत किया जाएगा। प्रतियोगिताओं के सफल संचालन में शिक्षा विभाग, फतेहाबाद के सहयोग से निर्णायक मंडल के सदस्यों अमर मोंगा, ललिता रानी, सीमा रानी बंसल, वीरेंद्र सिंह, अंकित शर्मा, पूरण सिंह, नेहा शर्मा, मीनाक्षी, नीलम तथा दीपक ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।



फतेहाबाद। बाल भवन में आयोजित प्रतियोगिता में डांस प्रस्तुति देती छात्रा।

फसल अवशेष प्रबंधन स्कीम के तहत कार्यशाला में किसानों को दिलाई पराली प्रबंधन की शपथ

- पर्यावरण संरक्षण में अपनी जिम्मेदारी निभाने की अपील

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

कृषि एवं किसान कल्याण विभाग द्वारा फसल अवशेष प्रबंधन स्कीम के अंतर्गत डीपीआरसी हॉल में उपमंडल स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में एसडीएम राजेश कुमार मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। इस दौरान किसानों को फसल अवशेषों के उचित प्रबंधन, पराली न जलाने के महत्व तथा पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक किया गया। खंड कृषि अधिकारी डॉ. जयकुमार भौरिया ने सभी किसानों को पराली प्रबंधन पर जागरूकता शपथ दिलाई। एसडीएम राजेश कुमार ने किसानों से आह्वान किया कि वे फसल अवशेषों का उचित प्रबंधन करें और आधुनिक कृषि तकनीकों को अपनाएं। इसलिए किसानों को फसल अवशेष प्रबंधन को अपनी खेती का अभिन्न हिस्सा बनाना चाहिए। उन्होंने कहा कि फसल अवशेषों का वैज्ञानिक तरीके से प्रबंधन करने से भूमि की गुणवत्ता बनाए रखने में मदद मिलती है। पराली को खेत में मिलाने से मिट्टी में जैविक पदार्थों की मात्रा बढ़ती है और भूमि की उर्वरता में सुधार होता है। किसानों को चाहिए कि वे उपलब्ध कृषि यंत्रों एवं आधुनिक तकनीकों का उपयोग करके फसल अवशेषों का बेहतर प्रबंधन करें। सामूहिक प्रयासों से वायु प्रदूषण पर अंकुश लगाएं। उन्होंने बताया कि जिले में अभी तक पराली आगजनी की कोई घटना दर्ज नहीं की गई हैं। डीएसपी जगदीश काजला ने किसानों से अपील की कि वे पर्यावरण संरक्षण में अपनी जिम्मेदारी निभाएं तथा दूसरे किसानों को भी पराली न जलाने के लिए प्रेरित करें। इस अवसर पर डीएसपी जगदीश काजला, बीडीपीओ विकास लांग्यान, तहसीलदार सुरेंद्र सिंह, नायब तहसीलदार हरीश, नायब तहसीलदार कृष्ण, नायब तहसीलदार विकास आदि किसानों ने भाग लिया।



फतेहाबाद। पराली प्रबंधन पर जागरूकता शपथ दिलाते अधिकारी।

फतेहाबाद साइबर पुलिस ने 8 लोगों के खोए हुए मोबाइल फोन किए बरामद, एसपी ने मालिकों को सौंपे

- पुलिस ने आईएमईआई ट्रैकिंग, डिजिटल सर्विलांस का लिया सहारा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

आज के इस डिजिटल दौर में मोबाइल फोन केवल बातचीत का जरिया नहीं, बल्कि हमारी यादों, जरूरी दस्तावेजों, पारिवारिक तस्वीरों और रोजमर्रा की जिंदगी का अहम हिस्सा बन चुका है। ऐसे में यदि मोबाइल गुम हो जाए, तो आर्थिक नुकसान के साथ-साथ उसमें सुरक्षित पर्सनल डेटा की चिंता भी सताने लगती है। लेकिन जब वही खोया हुआ फोन अचानक वापस मिल जाए, तो चेहरे पर आने वाली खुशी अलग ही होती है। कुछ ऐसा ही खुशी और राहत का नजारा मंगलवार को पुलिस अधीक्षक कार्यालय फतेहाबाद में देखने को मिला, जब फतेहाबाद साइबर पुलिस द्वारा आधुनिक तकनीक की मदद से खोज निकाले गए 8 गुमशुदा मोबाइल फोन उनके वास्तविक मालिकों को सौंपे गए। साइबर थाना फतेहाबाद की टीम ने प्राप्त शिकायतों पर तत्परता से काम करते हुए आईएमईआई ट्रैकिंग, डिजिटल सर्विलांस और तकनीकी विश्लेषण का सहारा लिया। साइबर थाना प्रभारी निरीक्षक राहुल कुमार के नेतृत्व में पुलिस टीम ने कड़े प्रयासों के बाद फतेहाबाद और आसपास के क्षेत्रों से गुम हुए कुल 8 महंगे मोबाइल फोन बरामद किए। आवश्यक पहचान और सत्यापन प्रक्रिया पूरी करने के बाद पुलिस अधीक्षक ने ये सभी फोन उनके असली मालिकों के सुपुर्द किए। अपना खोया हुआ फोन दोबारा हाथ में पाकर नागरिकों के चेहरों पर साफ संतुष्टि और खुशी झलक उठी। साइबर पुलिस की इस कार्रवाई से जिन 8 लोगों के चेहरे खिले, उनमें प्रह्लाद ढाणी ईशर, राधाकृष्ण बीघड़, खेमचंद सतीश कॉलोनी फतेहाबाद, मांगे राम ढाणी माजरा, राहुल गांव नहला, सतीश कुमार गांव चौबारा, अमरीक सिंह गांव गाजूवाला और सुरेंद्र कुमार फतेहाबाद शामिल हैं। सभी ने फतेहाबाद पुलिस और साइबर सेल की कार्यशैली की सराहना करते हुए दिल से आभार व्यक्त किया।



फतेहाबाद। लोगों को उनके मोबाइल लौटाते एसपी निकिता खट्टर।

प्रतियोगिता में 1000 खिलाड़ियों ने लिया भाग

कराटे महासंग्राम में रतिया के 11 खिलाड़ियों ने जीते मेडल

रतिया। जयपुर के राजस्थान पुलिस अकादमी स्थित खेलो इंडिया खेल स्टेडियम में आयोजित कराटे महासंग्राम नेशनल लेवल चैंपियनशिप में फतेहाबाद जिले के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए कुल 8 स्वर्ण, 1 रजत और 2 कांस्य पदक हासिल किए। इस प्रतियोगिता में हरियाणा, पंजाब, राजस्थान, यूपी, दिल्ली, मध्य प्रदेश, तेलंगाना सहित कई राज्यों के लगभग 1000 खिलाड़ियों ने भाग लिया। फतेहाबाद स्पोर्ट्स कराटे एसोसिएशन के सचिव और कराटे प्लैनेट रतिया के डायरेक्टर सरजीत सिंह ने बताया कि इस प्रतियोगिता में रतिया के 11 खिलाड़ियों ने विभिन्न आयु व भार वर्ग में हिस्सा लिया और सभी ने मेडल जीते। इसमें रमनीत कौर ने सुपर गोल्ड मेडल के साथ 5 हजार का कैश प्राइज और ऋषव ने सुपर सिल्वर मेडल के साथ 2 हजार का कैश प्राइज अपने नाम किया। वहीं रॉबिन बाटू, हिमांशु, वंशुल, प्रिंस, रीत और माही ने स्वर्ण पदक, हसमित सिंह ने रजत पदक और काशवी व तन्वी ने कांस्य पदक पर कब्जा जमाया। रतिया पहुंचने पर संगठन के प्रधान संदीप अरोड़ा, उपप्रधान कुलदीप मुंड, सहसचिव अमन अरोड़ा आदि ने विजेताओं को सम्मानित किया।

नागरिक अस्पताल में कायाकल्प स्वच्छता एवं हाइजीन के तहत कार्यक्रम

विद्यार्थियों को हाथों की स्वच्छता और संक्रमण से बचाव के लिए किया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार के निर्देशों अनुसार नागरिक अस्पताल फतेहाबाद में कायाकल्प स्वच्छता एवं हाइजीन के तहत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस राष्ट्रव्यापी अभियान का मुख्य उद्देश्य स्वास्थ्य सुविधाओं में स्वच्छता, संक्रमण नियंत्रण और बेहतर स्वास्थ्य वातावरण को बढ़ावा देना है। कार्यक्रम के दौरान सीनियर नर्सिंग ऑफिसर विनोद कुमारी, सीनियर नर्सिंग ऑफिसर रिंका रानी तथा इन्फेक्शन कंट्रोल नर्सेस सुमित्रा रानी ने संयुक्त रूप से नर्सिंग छात्र-छात्राओं को स्वच्छता और संक्रमण से बचाव के उपायों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने विद्यार्थियों को वैज्ञानिक तरीके से हाथ धोने की सही तकनीक का अभ्यास कराया और अस्पताल परिसर में स्वच्छता बनाए रखने के लिए विभिन्न गतिविधियों व बायो-मेडिकल वेस्ट प्रबंधन के महत्व से अवगत कराया। इस अवसर पर अस्पताल परिसर, ओपीडी तथा वार्डों में विशेष सफाई अभियान चलाया गया और विभिन्न कार्य गतिविधियों का निष्पादन किया गया। अधिकारियों ने बताया कि सही तरीके से हाथ धोना और स्वच्छता के नियमों का पालन करना मरीजों को संक्रमण से बचाने में बेहद कारगर साबित होता है। इस कार्यक्रम में हस्पताल के सभी सफाई कर्मियों को विस्तार से समझाया गया। जिसमें सभी सफाई कर्मी व ट्रेनिंग छात्र छात्राओं ने भाग लिया।



फतेहाबाद। नागरिक अस्पताल में आयोजित कार्यक्रम में भाग लेते नर्सिंग विद्यार्थी।

राजकीय स्नातकोत्तर कॉलेज में कार्यक्रम

पराली को रोजगार व स्टार्टअप का अवसर समझें : डॉ. विक्रांत

रतिया। खालसा त्रि-शताब्दी राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में आयोजित कार्यक्रम में राजकीय महाविद्यालय, भट्टू के वाणिज्य विभागाध्यक्ष डॉ. विक्रांत मोहन ने विद्यार्थियों को पराली को रोजगार और उद्यमिता के अवसर के रूप में अपनाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने बताया कि पराली से बायोमास पेलेट्स, ब्रिकेट्स, बायोगैस, जैविक खाद, बायोचार, पैकेजिंग सामग्री और कागज जैसे उत्पाद तैयार किए जा सकते हैं। डॉ. विक्रांत मोहन ने कहा कि युवा पराली एकत्र करने, गांठें बनाने, मशीनरी किराये पर उपलब्ध कराने और बायोमास उत्पादों की आपूर्ति जैसे छोटे व्यवसायों से शुरुआत कर सकते हैं। इससे ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार और किसानों की अतिरिक्त आय बढ़ाने में मदद मिलेगी। उन्होंने फतेहाबाद और आसपास के क्षेत्रों में पराली के उपयोग से जुड़े सफल प्रयासों का भी उल्लेख किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्लेसमेंट प्रकोष्ठ के प्रभारी डॉ. शुभम गर्ग, वाणिज्य विभागाध्यक्ष डॉ. सुशील बिश्नोई, अंग्रेजी विभागाध्यक्ष डॉ. प्रदीप सिंह तथा भौतिक विज्ञान विभाग से डॉ. कपिल देव उपस्थित रहे।

सूर्य नमस्कार अभियान जनमानस को योग से जोड़ने का सशक्त माध्यम : मदन गोपाल

- जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान मताना में 30 दिवसीय योग प्रशिक्षण शिविर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान मताना में शारीरिक शिक्षकों के लिए आयोजित 30 दिवसीय योग प्रशिक्षण शिविर के पांचवें दिन प्रशिक्षुओं को योग की बारीकियों से अवगत कराया गया। सुबह के यौगिक सत्र का शुभारंभ पतंजलि योगपीठ हरिद्वार के मुख्य योग सेवक मदन गोपाल आर्य द्वारा करवाए गए पवित्र वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ हुआ। मुख्य योग सेवक मदन गोपाल आर्य ने उपस्थित शारीरिक शिक्षकों को संबोधित करते हुए कहा कि हरियाणा योग आयोग का सूर्य नमस्कार अभियान जनमानस को योग से जोड़ने का एक बेहद सशक्त माध्यम है। उन्होंने बताया कि सूर्य नमस्कार अपने आप में एक संपूर्ण व्यायाम है,जो व्यक्ति को शारीरिक और मानसिक रूप से स्वस्थ रखता है। यह अभियान हर वर्ष 12 जनवरी को स्वामी विवेकानंद की जयंती से शुरू होकर 12 फरवरी को स्वामी दयानंद सरस्वती की जयंती तक पूरे राज्य में चलाया जाता है। यौगिक सत्र के दौरान आयुष विभाग फतेहाबाद की योग विशेषज्ञा अंबिका पांटा, योग आयुष सहायक सुरेन्द्र कुमार तथा पतंजलि के योग प्रशिक्षक चंद्रप्रकाश आर्य ने सभी शारीरिक शिक्षकों को विभिन्न योग मुद्राओं का गहन अभ्यास करवाया।



फतेहाबाद। डाइट मताना में योगाभ्यास करते शारीरिक शिक्षक।

चर्चा फतेहाबाद में भाजपा का राष्ट्र चिंतन संवाद कार्यक्रम

लोकतंत्र को मजबूत करने पर जोर

जनादेश का सम्मान और संवैधानिक संस्थाओं की गरिमा सर्वोपरि : चोपड़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

भाजपा द्वारा चलाए जा रहे 'लोकतंत्र बचाओ, अराजकता हटाओ' अभियान के तहत फतेहाबाद में 'राष्ट्र चिंतन संवाद' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में लोकतंत्र की मजबूती, जनादेश के सम्मान और संवैधानिक संस्थाओं की गरिमा बनाए रखने पर विशेष रूप से मंथन किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य वक्ता एवं वरिष्ठ भाजपा नेता जगदीश चोपड़ा ने अपने संबोधन में कहा कि लोकतंत्र में जनता का जनादेश सर्वोपरि होता है। उन्होंने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि चुनाव जीतने पर लोकतंत्र की जीत का दावा करना और हार मिलने पर चुनाव आयोग तथा अन्य संवैधानिक संस्थाओं पर सवाल खड़े करना विपक्षी दल की दोहरी मानसिकता को उजागर करता है। उन्होंने स्पष्ट किया कि विपक्ष को सरकार की नीतियों की आलोचना करने का पूरा हक है, लेकिन विरोध के नाम पर अराजकता फैलाना या संवैधानिक गरिमा को ठेस पहुंचाना किसी भी स्थिति में उचित नहीं है। भाजपा जिलाध्यक्ष प्रवीन जोड़ा ने कहा कि आज कांग्रेस के पास जनता के हितों से जुड़े मुद्दों का पूरी तरह अभाव है और वह अपनी असफलताओं को छिपाने के लिए राजनीतिक स्वार्थ के तहत युवाओं का इस्तेमाल कर रही है। उन्होंने कहा कि देश के विभिन्न राज्यों में लगातार मिल रही हार के बाद कांग्रेस को अपनी राजनीतिक स्थिति पर आत्ममंथन करना चाहिए। अभियान के संयोजक बलदेव ग्रोहा ने कहा कि विपक्ष को निराधार आरोप लगाने की बजाय तथ्यात्मक रूप से अपनी बात रखनी चाहिए।



फतेहाबाद। कार्यक्रम को संबोधित करते भाजपा नेता जगदीश चोपड़ा।

खबर संक्षेप

शाह सतनाम में निकाली जागरूकता रैली

सिरसा। शाह सतनाम सिंह कॉलेज में एड्स जागरूकता रैली निकाली गई। रैली को महाविद्यालय के प्रधानाचार्य दिलावर सिंह ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। नागरिक अस्पताल के काउंसलर कमल ने विद्यार्थियों को एड्स के कारण लक्षण, उपचार के साथ, समाज में फैली एड्स की भ्रांतियों को दूर करने एवं मरीजों को दी जाने वाली पेंशन स्कीम के बारे में अवगत करवाया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्रधानाचार्य ने स्वास्थ्य के महत्व एवं नशे के दुष्प्रभावों के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

बाइक सवार दो युवक हेरोइन सहित गिरफ्तार

सिरसा। पुलिस टीम ने गश्त के दौरान थेहड़ मोहल्ला क्षेत्र बाइक सवार दो युवकों को 15 ग्राम 200 मिलीग्राम हेरोइन सहित काबू किया है। एंटी नारकोटिक्स सेल सिरसा पुलिस टीम गश्त व चेकिंग के दौरान नोहरिया बाजार सिरसा से होते हुए थेहड़ मोहल्ला की तरफ जा रही थी। पुलिस ने शक के आधार पर दोनों युवकों को काबू कर नियमानुसार राजपत्रित अधिकारी की मौजूदगी में तलाशी ली तो उनके कब्जे से 15 ग्राम 200 मिलीग्राम हैरोइन बरामद हुई।

सीडीएलयू में ऑनलाइन प्रशिक्षण कार्यक्रम

सिरसा। चौधरी देवीलाल विश्वविद्यालय द्वारा वन नेशन वन सब्सक्रिप्शन पहल के अंतर्गत आईईईई एक्स्प्लोर डिजिटल लाइब्रेरी पर ऑनलाइन जागरूकता एवं प्रशिक्षण सत्र आयोजित किया गया। आईईईई के सीनियर ट्रेनिंग मैनेजर रितेश कुमार झा ने विशेषज्ञ के रूप में आईईईई एक्स्प्लोर की प्रमुख सुविधाओं की जानकारी दी। उन्होंने शोध पत्रों, प्रतिष्ठित जर्नलों, कॉन्फ्रेंस प्रोसीडिंग्स और तकनीकी मानकों तक पहुंच, उन्नत सर्च तकनीक, की-वर्ड आधारित शोध, ईमेल अलर्ट, शोध सामग्री को सेव करने तथा संदर्भ निर्यात करने की प्रक्रिया का व्यवहारिक प्रदर्शन किया।

दुर्गा मंदिर में शरद पूर्णिमा पर प्रसाद वितरित

ओढां। श्री दुर्गा सेवा ट्रस्ट की ओर से पुरानी अनाज मंडी में स्थित दुर्गा माता मंदिर में शरद पूर्णिमा उत्सव आयोजित किया गया। इस आयोजन में पुजारी देव शर्मा की देखरेख में श्रद्धालुओं ने लक्ष्मी नारायण की विधिवत पूजा अर्चना करते हुए कलश स्थापना के साथ संकल्प लिया। प्रतिवर्ष की भांति दिव्य खीर का प्रसाद चंद्रमा के दिव्य प्रकाश में बनाया गया। मध्य रात्रि उपरांत लक्ष्मी और कुबेर का पूजन करके उन्हें पतासे, मखाने और खीर का भोग लगाया गया।

एनएमएमएस परीक्षा के फॉर्म भरने में सिरसा प्रथम

सिरसा। एनएमएमएस परीक्षा के लिए फॉर्म भरने के मामले में सिरसा जिले ने पूरे हरियाणा में प्रथम रहा। हरियाणा में कुल 54,505 विद्यार्थियों ने फॉर्म भरे हैं, जिनमें से सिरसा जिले के 5,357 विद्यार्थी शामिल हैं। सिरसा से बड़ी संख्या में विद्यार्थियों द्वारा परीक्षा के लिए फॉर्म भरा जाना इस बात का संकेत है कि विद्यार्थी छात्रवृत्ति योजनाओं के प्रति जागरूक हैं और अपनी पढ़ाई को आगे बढ़ाने के लिए उपलब्ध अवसरों का लाभ उठाने के लिए उत्साहित हैं।

बाजारों में पैर रखने की जगह नहीं, ब्यूटी पार्लरों में 90% तक एडवांस बुकिंग

करवा चौथ पर थर्ड जेनरेशन का टच नाम वाली छलनी, थीम ड्रेसेस का क्रेज

नई पीढ़ी त्योहार में अपनी पसंद और स्टाइल का रंग जोड़ रही

हरिभूमि न्यूज ⏭ फतेहाबाद

करवा चौथ की परंपरा वही है, लेकिन इसे मनाने का अंदाज तेजी से बदल रहा है। अब चांद का दीदार करने के लिए सिर्फ सजी-धजी छलनी ही नहीं, बल्कि नाम लिखी डिजाइनर छलनी, मैचिंग थीम ड्रेसेस, कपल गिफ्ट्स और सोशल मीडिया के लिए खास फोटोशूट भी तैयारियों का हिस्सा बन गए हैं। नई पीढ़ी त्योहार में अपनी पसंद और स्टाइल का रंग जोड़ रही है। बाजारों में खरीदारी के लिए भीड़ उमड़ रही है, वहीं ब्यूटी पार्लरों में 90 प्रतिशत तक एडवांस बुकिंग हो चुकी है। करवा चौथ से पहले फतेहाबाद के बाजारों में रौनक बढ़ गई है। सुबह से ग्रामीण क्षेत्रों की महिलाएं खरीदारी के लिए पहुंच रही हैं, जबकि दोपहर बाद शहर के बाजारों में भीड़ और बढ़ जाती है। साड़ी-सूट, चूड़ियों, मेहंदी, ज्वेलरी और श्रृंगार के सामान की दुकानों पर ग्राहकों की आवाजाही बनी हुई है। खास बात यह है कि पारंपरिक खरीदारी के साथ अब कस्टमाइज्ड और ट्रेंडिंग आइटम भी लोगों की पसंद बन रहे हैं। करवा चौथ के लिए महिलाएं इस बार अपने लुक को लेकर खास तैयारी कर रही हैं। रेड और गोल्डन रंगों के पारंपरिक परिधानों के साथ पिंक, लैवेंडर और मस्टर्ड शेड्स की भी मांग है। रेशम और जॉर्जेट के लहंगे, अनारकली सूट और इंडो-वेस्टर्न ड्रेसेस पसंद की जा रही हैं। कुछ महिलाएं अपने और पति के कपड़ों को एक ही थीम या रंग के अनुसार तैयार करवा रही हैं, ताकि त्योहार पर कपल लुक भी खास नजर आए। ज्वेलरी में गोल्ड और सिल्वर के साथ ऑक्सीडाइज्ड लेयर्ड सेट पसंद किए जा रहे हैं। झुमके, मांगटीका और कड़े के सेट में मोती और कुंदन वर्क के डिजाइन भी आकर्षित कर रहे हैं।





फतेहाबाद। करवा चौथ पर बाजार में बिक रही कस्टमाइज्ड छलनी व थाली। फोटो : हरिभूमि

90 प्रतिशत तक बुकिंग, मेकअप से नेल आर्ट तक की तैयारी

करवा चौथ पर खूबसूरत दिखने की तैयारी भी पहले से शुरू हो गई है। पार्लर संचालकों के अनुसार, कई पार्लरों में करीब 90 प्रतिशत तक एडवांस बुकिंग हो चुकी है। भीड़ से बचने के लिए महिलाएं पहले ही अपना समय तय करवा रही हैं। ग्लो फेशियल, हेयर स्टाइलिंग, मेकअप पैकेज और नेल एक्सटेंशन की मांग बढ़ रही है। पार्लरों में त्योहार को ध्यान में रखते हुए विशेष ब्यूटी पैकेज भी उपलब्ध करवाए जा रहे हैं।

नए डिजाइन की छलनी उपलब्ध

करवा चौथ की पूजा में इस्तेमाल होने वाली छलनी भी अब नए डिजाइन में बाजार में उपलब्ध है। एलईडी लाइट, गोल्डन फ्रेम और फ्लोरल बॉर्डर वाली डिजाइनर छलनियां महिलाओं को आकर्षित कर रही हैं। कस्टमाइज्ड छलनी सेट में पति-पत्नी के नाम या नाम के शुरुआती अक्षर शामिल करवाने का विकल्प भी मिल रहा है। पारंपरिक पीतल और चांदी की छलनियों में स्टोन वर्क और हाथ से सजाए गए डिजाइन भी पसंद किए जा रहे हैं।

थीम ड्रेसेस, पर्सनलाइज्ड गिफ्ट्स व सोशल मीडिया के दौर का स्टाइल त्योहार को दे रहा नई पहचान

त्योहार पर उपहार देने का तरीका भी बदल रहा है। फोटोग्राफर हरीश के अनुसार, कस्टमाइज्ड गिफ्ट आइटम में लोगों की रुचि बढ़ रही है। कपल पिलो, बेडशीट, फोटो फ्रेम, नाम वाली डायरी और प्रिंटेड पानी की बोतलें जैसे विकल्प पसंद किए जा रहे हैं। इन पर नाम, तस्वीर या खास संदेश शामिल करवाकर उपहार को व्यक्तिगत बनाया जा सकता है। कुल मिलाकर, करवा चौथ पर परंपरा और आधुनिकता का मेल बाजारों में साफ दिखाई दे रहा है। जहां पूजा की थाली, छलनी और सोलह श्रृंगार का महत्व बरकरार है, वहीं थीम ड्रेसेस, पर्सनलाइज्ड गिफ्ट्स और सोशल मीडिया के दौर का स्टाइल त्योहार को नई पहचान दे रहा है।

'आईसीटी बेस्ड लेसन प्लान' पर कार्यशाला



फतेहाबाद। बीएड कॉलेज में मुख्य वक्ता नवीन कुमार को सम्मानित करते प्राचार्या।

- भावी शिक्षकों को दिए गए डिजिटल शिक्षण के टिप्स

हरिभूमि न्यूज ⏭ फतेहाबाद

मनोहर मैमोरियल कालेज ऑफ एजुकेशन में 23 से 30 अक्टूबर तक आयोजित किए जा रहे इंटर्नशिप ओरिएंटेशन कार्यक्रम के अंतर्गत आज 'आईसीटी बेस्ड लेसन प्लान' विषय पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। कालेज के आईसीटी क्लब द्वारा आईक्यूएसी के सहयोग से आयोजित इस वर्कशॉप की अध्यक्षता प्राचार्या डॉ. जनक रानी ने की। कार्यक्रम की शुरुआत में प्राचार्या ने मुख्य वक्ता का स्वागत किया। कार्यशाला में एसबीपी डीएवी सेंटेनरी पब्लिक स्कूल, फतेहाबाद के टीजीटी कंप्यूटर, नवीन कुमार ने मुख्य वक्ता के रूप में शिरकत की। उन्होंने अपने संबोधन में आधुनिक शिक्षा प्रणाली में सूचना और संचार प्रौद्योगिकी के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा, आज के डिजिटल युग में शिक्षण प्रक्रिया को अधिक प्रभावी, रोचक और छात्र-केंद्रित बनाने के लिए शिक्षकों को पारंपरिक तरीकों के साथ-साथ आईसीटी टूल और डिजिटल लेसन प्लान का उपयोग करना आना चाहिए। उन्होंने कहा कि तकनीक केवल एक साधन नहीं, बल्कि विद्यार्थियों की समझ को गहराई देने का एक सशक्त माध्यम है। कार्यक्रम के अंत में महाविद्यालय की उप प्राचार्या एवं आईक्यूएसी इंचार्ज डॉ. गुंजन बजाज और आईसीटी इंचार्ज ललित कुमार ने संयुक्त रूप से मुख्य वक्ता नवीन कुमार का धन्यवाद किया और उन्हें स्मृति चिह्न भेंट किया। कार्यशाला के दौरान विद्यार्थियों ने डिजिटल शिक्षण रणनीतियों से जुड़े महत्वपूर्ण गुर सीखे।

विद्यार्थियों ने दीया सजावट, कार्ड मेकिंग और क्विज के माध्यम से दिखाई प्रतिभा

- बाल दिवस प्रतियोगिता के चौथे दिन 300 बच्चों ने लिया भाग

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिरसा

जिला बाल कल्याण परिषद सिरसा द्वारा आयोजित बाल दिवस प्रतियोगिताओं के चौथे दिन दीया/कैंडल सजावट, स्केचिंग, ऑन द स्पॉट पेंटिंग, कार्ड मेकिंग एवं क्विज प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इन प्रतियोगिताओं में सिरसा जिला व आसपास के क्षेत्रों के सरकारी एवं निजी स्कूलों के लगभग 300 बच्चों ने भाग लिया और अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। जिला बाल कल्याण अधिकारी नरेंद्र सिंह ने कहा कि बाल भवन का मंच बच्चों के सर्वांगीण विकास, आत्मविश्वास बढ़ाने और उनकी प्रतिभा को निखारने का सशक्त माध्यम है। यहां बच्चों को अपनी कला, ज्ञान एवं कौशल का प्रदर्शन करने का अवसर मिलता है, जो भविष्य में उनकी सफलता की दिशा में महत्वपूर्ण कदम साबित होता है। उन्होंने कहा कि बाल भवन में किसी भी बच्चे के साथ भेदभाव नहीं किया जाता।



सिरसा। प्रतियोगिता में भाग लेते स्कूली बच्चे।

डायमंड का हार भेजने के नाम पर 6 लाख की ठगी

फतेहाबाद। डायमंड का हार भेजने का झांसा देकर 6 लाख रुपये से अधिक की ठगी में थाना साइबर क्राइम फतेहाबाद पुलिस ने चौथे आरोपी को उत्तर प्रदेश से गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान सोबान निवासी गांव अम्भेटा मोहन, जिला सहारनपुर के रूप में हुई है। भट्ट कलां निवासी राजेंद्र ने पुलिस को शिकायत दर्ज करवाई थी कि मई 2026 में उनकी बेटी के व्हाट्सएप नंबर पर एक अज्ञात व्यक्ति की कॉल आई थी। कॉल करने वाले ने अपना नाम रवि बताते हुए विदेश से एक कीमती डायमंड का हार भेजने का प्रलोभन दिया। आरोपी ने पहले भारत आने की अनुमति के नाम पर पैसे मांगे और व्हाट्सएप पर क्यूआर कोड भेजकर रकम ऑनलाइन ट्रांसफर करवा ली।

श्रीमत सिटी सेंटर में दीवाली मेला कल 10 दिन तक होंगे सांस्कृतिक कार्यक्रम

- मेले में विभिन्न उत्पादों की लगाई जाएगी प्रदर्शनी

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिरसा

श्रीमत सिटी सेंटर में 28 अक्टूबर से 5 नवंबर तक 10 दिवसीय दीवाली मेले का आयोजन किया जाएगा जिसमें विभिन्न उत्पादों की प्रदर्शनी आयोजित की जाएगी। साथ ही लोगों के मनोरंजन के लिए विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। श्रीमत टेक्सवर्थ प्रा. लि. के डायरेक्टर माधव जैन ने कार्यक्रम बारे बताया कि दीवाली पर्व के उपलक्ष्य में श्रीमत सिटी सेंटर परिसर में दीवाली मेले का आयोजन किया जा रहा है जिसमें कारोबारियों की ओर से हैंडमेड वस्तुओं, हैंडलूम, गारमेंट, इलेक्ट्रॉनिक व अन्य सजावट के सामानों की बिक्री की जाएगी। माधव जैन ने बताया कि यह मेला रोजाना शाम 5 बजे से रात्रि 10 बजे तक चलेगा। इस दौरान लोगों के मनोरंजन के लिए लाइव प्रोग्राम भी आयोजित किए जाएंगे जिसमें सूफी गायन, कलाकारों की ओर से वॉलीवुड गीत, पंजाबी गीत-नृत्य, हरियाणवी गीत-नृत्य, पंजाबी लोकगीत तथा कलाकारों की ओर से गजलें प्रस्तुत की जाएंगी।



सिरसा। श्रीमत सिटी सेंटर में तैयारियों में जुटे लोग।

सीडीएलयू की एक इंच जमीन नहीं लेने देंगे भूमाफिया को: दिग्विजय

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिरसा

जननायक जनता पार्टी के युवा प्रदेशाध्यक्ष दिग्विजय सिंह चौटाला ने कहा कि चौधरी देवीलाल विश्वविद्यालय सिरसा की 52 एकड़ जमीन को हरियाणा सरकार कौडियों के भाव प्राइवेट बिल्डर्स को देना चाहती है, मगर जेजेपी इस षड्यंत्र को किसी भी कीमत पर सफल नहीं होने देगी। दिग्विजय चौटाला ने मंगलवार को जारी बयान में कहा कि हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री ओमप्रकाश चौटाला ने सीडीएलयू का निर्माण इसलिए करवाया था कि ग्रामीण आंचल के विद्यार्थी अच्छी शिक्षा प्राप्त कर सकें मगर प्रदेश की मौजूदा सरकार भूमाफिया को संरक्षित कर रही है। उन्होंने कहा कि उपरोक्त जमीन के अधिकांश हिस्से पर चौधरी देवीलाल विश्वविद्यालय प्रशासन का कब्जा है। उन्होंने कहा कि उन्हें विश्वस्त सूत्रों से पता चला है कि सरकार देविवि प्रशासन पर दबाव बना रही है ताकि विवि प्रशासन इस मामले की आगे न्यायालय में पैरवी न कर सके। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार का एक बड़ा प्रशासनिक अधिकारी इस षड्यंत्र को सिरे चढ़ाने के उद्देश्य से यहां सिरसा का दौरा भी कर चुका है।



दिग्विजय चौटाला।

शरद पूर्णिमा पर बालाजी महाराज के जागरण में रातभर झूमे श्रद्धालु

- शरद पूर्णिमा का सनातन परंपरा में विशेष महत्व : गणेशीलाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिरसा

शरद पूर्णिमा पर श्री सालासर धाम मंदिर में सोमवार शाम को श्रीबालाजी महाराज का जागरण आयोजित किया गया। श्री सालासर धाम मंदिर कमेटी के प्रधान गोपाल सर्राफ ने बताया कि कार्यक्रम में उड़ीसा के पूर्व राज्यपाल प्रो. गणेशीलाल ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। इस मौके पर प्रो. गणेशीलाल ने कहा कि शरद पूर्णिमा का पर्व भारतीय संस्कृति और सनातन परंपरा में विशेष महत्व रखता है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, शरद पूर्णिमा की पावन रात्रि में भगवान श्रीकृष्ण ने वृंदावन में गोपियों के साथ महारास रचाया था। मंदिर कमेटी प्रधान गोपाल सर्राफ ने बताया कि शाम 7 बजे श्री राधाकृष्ण के स्वर्णमयी गुंबज का अनावरण मुख्यातिथि द्वारा किया गया। इसके बाद बालरूप हनुमान के गुंबज का अनावरण किया गया। इसके बाद मनोज व कमल बंसल द्वारा बालाजी की श्रृंगार आरती की।



सिरसा। श्री बालाजी महाराज की आरती करते श्रद्धालु।

जेजेपी ने एशियन पैरा गेम्स में पदक विजेता खिलाड़ी का किया अभिनंदन

चोपटा। जापान के आइची-नागोया में आयोजित एशियन पैरा गेम्स 2026 में हरियाणा के पैरा एथलीट प्रमोद बिजारणिया ने एक बार फिर अपनी कुशलता का परिचय देते हुए पुरुषों की 1500 मीटर स्पर्धा में रजत पदक अपने नाम किया। उनकी इस ऐतिहासिक उपलब्धि ने पूरे देश व प्रदेश को गौरवान्वित किया है। इस शानदार उपलब्धि पर चौपटा में आयोजित अभिनंदन समारोह में मंगलवार को जननायक जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष अशोक वर्मा, जेजेपी की राष्ट्रीय कार्यकारिणी के प्रधान महासचिव राधेश्याम शर्मा, जिला प्रेस प्रवक्ता अमर सिंह ज्याणी, जेजेपी किसान सैल के जिला संयोजक शगनजीत सिंह गिल, सुखमंदर सिंह सिहाग, ऐलनाबाद हलकाध्यक्ष अनिल काासनिया, हनुमान कासनियां, विनोद बिजारणियां, शांतनु गोदारा, सतपाल बेनीवाल ने प्रमोद बिजारणिया का अभिनंदन किया।



चोपटा। पदक विजेता खिलाड़ी प्रमोद बिजारणियां का स्वागत करते हुए।

नगरपरिषद में उपप्रधान के चुनाव करवाने की मांग पर पार्षदों ने उपायुक्त को सौंपा ज्ञापन

सिरसा। नगर परिषद सिरसा में करीब डेढ़ साल से खाली पड़े उपप्रधान पद को लेकर एक बार फिर राजनीतिक सरगर्मियां तेज हो गई हैं। इसी बीच नगर परिषद के 20 पार्षदों के हस्ताक्षरों सहित उपायुक्त को ज्ञापन सौंपकर उपप्रधान पद का चुनाव जल्द करवाने की मांग की गई है। पार्षदों का कहना है कि चुनाव की प्रक्रिया को अनिश्चितकाल तक लंबित रखना उचित नहीं है। जिला प्रशासन को जल्द नई तारीख घोषित कर लोकतांत्रिक प्रक्रिया के तहत उपप्रधान का चुनाव संपन्न करवाना चाहिए। अब 20 पार्षदों के हस्ताक्षरों वाले ज्ञापन को लेकर एक दर्जन से ज्यादा पार्षद मंगलवार को उपायुक्त से मिलकर नगरपरिषद के उपप्रधान के चुनाव करवाने की मांग की है।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, 783, पी.एल.ए., नजदीक टाउन पार्क, हिसार
फोन : 8295154800, 9315429403, 9253681005

आचार्य हेमानन्द के सान्निध्य में रत्ताटिब्बा में अमृतमय प्रवचन संपन्न

नशामुक्त समाज के निर्माण में युवा निभाएं भूमिका : भवानी

धार्मिक कार्यक्रम समाज को जोड़ने व सकारात्मक दिशा का बड़ा माध्यम : सिंह

हरिभूमि न्यूज ⏭ फतेहाबाद

गांव रत्ताटिब्बा स्थित बाबा डेरा रुद्रानंद जी में दो दिवसीय अमृतमय प्रवचन कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया, जिसमें क्षेत्रभर से पहुंचे सैंकड़ों श्रद्धालुओं ने भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान गांव पहुंचने पर ग्रामीणों ने डेरा बाबा रुद्रानंद जी, यज्ञनगर नारी, जिला ऊना के अधिष्ठाता आचार्य हेमानन्द महाराज का जोरदार स्वागत किया और एक भव्य कलश यात्रा निकाली गई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में नशामुक्ति सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष भवानी सिंह ने शिरकत की। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए भवानी सिंह ने युवाओं को नशे के समाज और परिवार पर पडऩे वाले घातक दुष्प्रभावों के प्रति सचेत किया। समाज को नशामुक्त बनाने में धर्म और संस्कृति की महत्ता पर जोर देते हुए उन्होंने कहा, धार्मिक और आध्यात्मिक कार्यक्रम समाज को जोडऩे और लोगों की सोच को सकारात्मक दिशा देने का सबसे बड़ा माध्यम हैं। जब ऐसे आयोजनों में युवा और आमजन जुड़ते हैं, तो उनके भीतर नैतिक मूल्यों का विकास होता है, जो स्वतः ही उन्हें नशे जैसी सामाजिक बुराइयों से दूर कर एक सशक्त एवं नशामुक्त समाज की नींव रखता है।



फतेहाबाद। गांव रत्ताटिब्बा में आयोजित कार्यक्रम में आचार्य हेमानंद जी महाराज को सम्मानित करते भवानी सिंह व अन्य ग्रामीण। फोटो : हरिभूमि

धर्म के मार्ग पर चलने का दिया संदेश

समारोह के दौरान वेदान्ताचार्य आचार्य हेमानन्द जी महाराज ने अपने अमृतमय प्रवचनों से श्रद्धालुओं को निहाल किया और धर्म के मार्ग पर चलने का संदेश दिया। स्वामी जी ने नशामुक्ति सेना द्वारा चलाए जा रहे अभियानों की सराहना करते हुए उपस्थित लोगों और युवाओं से इस मुहिम से जुड़ने तथा भवानी सिंह के प्रयासों को और मजबूती देने का आह्वान किया। साथ ही युवाओं से नशा त्यागकर सामाजिक, धार्मिक कार्यों और खेलों में बढ़-चढ़कर भाग लेने की प्रेरणा दी। कार्यक्रम के समापन पर विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर रविदत्त, पुरूषोतम, अनिल ठाकुर, अमन सिंह राघव, हैप्पी बोसवाल, कपिल बोसवाल, गुलशन दरियापुर, सौरव रत्ति, माही माल्या, गुरदीप अयाल्की, महेन्द्र मास्ट सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण व श्रद्धालु मौजूद रहे।

जिले में 1,43,023 मीट्रिक टन धान की हुई खरीद

सिरसा। जिले की विभिन्न अनाज मंडियों में खरीद एजेंसियों द्वारा एमएसपी पर 26 अक्टूबर तक कुल 1,43,023 मीट्रिक टन धान की खरीद की जा चुकी है। इसमें खाद्य एवं आपूर्ति विभाग ने 47,318 मीट्रिक टन, हैफेड ने 68,198 मीट्रिक टन तथा हरियाणा स्टेट वेयरहाउसिंग कॉरपोरेशन ने 27,507 मीट्रिक टन धान की खरीद की है। वहीं, मंडियों से अब तक कुल 84,875 मीट्रिक टन धान का उठान किया जा चुका है। जिला खाद्य एवं आपूर्ति नियंत्रक हरवीर सिंह ने बताया कि धान खरीद प्रक्रिया के तहत अब तक कुल 17,310 किसान लाभान्वित हुए हैं। इनमें खाद्य एवं आपूर्ति विभाग के माध्यम से 5,297, हैफेड के माध्यम से 9,746 तथा हरियाणा स्टेट वेयरहाउसिंग कॉरपोरेशन के माध्यम से 2,267 किसान लाभान्वित हुए हैं। इसके अतिरिक्त जिले की अन्य मंडियों में भी धान की खरीद जारी है।